# बिजली संकट पर सपा का प्रदर्शन

## राज्यपाल को 10 सूत्रीय ज्ञापन, आंदोलन की चेतावनी

**विरोध**

तमसा संकेत, एजेंसी

रायबरेली। हरचंदपुर विधानसभा क्षेत्र में लगातार गहराते बिजली संकट को लेकर समाजवादी पार्टी ने प्रदेश सरकार और बिजली विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शनिवार को सपा विधायक राहुल लोधी और जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों ने राज्यपाल को संबोधित 10 सूत्रीय ज्ञापन अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड गुरुबख्शगंज को सौंपा।
ज्ञापन के माध्यम से क्षेत्र की खराब बिजली व्यवस्था में तत्काल सुधार की मांग की गई।सपा नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो पार्टी व्यापक जन आंदोलन शुरू करने को बाध्य होगी।




समाजवादी पार्टी ने स्मार्ट मीटरों में कथित जंपिंग दोष और गलत बिजली बिलों के मुद्दे को भी प्रमुखता से उठाया। नेताओं का कहना है कि कई उपभोक्ता अत्यधिक बिजली बिल आने और मीटर रीडिंग में गड़बड़ी की शिकायत कर रहे हैं।
पार्टी ने इन शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने और प्रभावित उपभोक्ताओं को राहत देने की मांग की है। नई बस्तियों में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा उपकेंद्रों पर कर्मचारियों की अनिवार्य तैनाती जैसी मांगें शामिल हैं। इसके अलावा स्मार्ट मीटरों और गलत बिलिंग से जुड़ी शिकायतों के समाधान की भी मांग की गई है।

### भीषण गर्मी में बिजली संकट से जनता परेशान

लोगों को पेयजल, घरेलू कार्यों और अन्य आवश्यक सुविधाओं के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, बिजली की अनियमित आपूर्ति के कारण किसानों के सामने सिंचाई का संकट भी गहराता जा रहा है। कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त विद्युत ढांचा अब भी उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है।



"ज्ञापन में कहा गया है कि भीषण गर्मी के बीच हरचंदपुर क्षेत्र की जनता अघोषित बिजली कटौती, लो-वोल्टेज, बार-बार ट्रिपिंग और जर्जर विद्युत नेटवर्क की समस्या से जूझ रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में लंबे समय तक बिजली आपूर्ति बाधित रहने से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है।
उन्होंने कहा कि विभागीय लापरवाही के चलते बिजली आपूर्ति सामान्य होने में देरी हो रही है, जिससे लोगों को लगातार कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।"

### शिकायतों पर नहीं मिल रहा समाधान

ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि बिजली उपकेंद्रों पर शिकायत दर्ज कराने के बावजूद उपभोक्ताओं को समय पर राहत नहीं मिल रही है। कई बार उपभोक्ताओं द्वारा अधिकारियों और कर्मचारियों को फोन किए जाने पर भी कॉल रिसीव नहीं किए जाते, जिससे समस्याओं का समाधान लंबित रह जाता है। सपा नेताओं ने उपभोक्ता शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए प्रभावी व्यवस्था लागू करने की मांग की।

**आंधी-तूफान के बाद भी नहीं सुधरी व्यवस्था**

सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि हाल ही में आए आंधी-तूफान में बड़ी संख्या में बिजली के खंभे और विद्युत लाइनें क्षतिग्रस्त हुई थीं, लेकिन विभाग की ओर से मरम्मत कार्य में अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखाई गई।

## सड़क हादसे में कार चालक की मौत

सीतापुर। सीतापुर के कोतवाली देहात क्षेत्र में शुक्रवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे में कार चालक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना झरेखापुर के पास उस समय हुई जब एक ट्रेलर, ट्रक और कार आपस में टकरा गए। जानकारी के अनुसार, 29 मई की रात करीब 1:30 बजे झरेखापुर के निकट एक ट्रेलर और ट्रक के बीच टक्कर हो गई है। ट्रेलर संख्या RJ 01 GB 3015 के चालक प्रदीप कुमार पुत्र झब्बूलाल निवासी महोलिया, थाना रेउसा ने बताया कि उसके आगे चल रहे ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। इससे उसने भी ट्रेलर को रोकने का प्रयास किया और साइड से निकालने की कोशिश की, लेकिन दोनों वाहन आपस में टकरा गए। हादसे में ट्रेलर चालक प्रदीप कुमार का हाथ टूट गया। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रही कार संख्या UP 34 BW 2066 अनियंत्रित होकर ट्रेलर से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के चालक सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

# एम्स रायबरेली ने तंबाकू के खिलाफ निकाली रैली

## घातक बीमारियों से बचाव, लोगों को किया जागरूक

तमसा संकेत, एजेंसी

रायबरेली। रायबरेली में तंबाकू के बढ़ते सेवन और इससे होने वाली घातक बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए शनिवार को एक विशेष रैली का आयोजन किया गया। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रायबरेली ने इस जागरूकता अभियान का नेतृत्व किया। एम्स रायबरेली की कार्यकारी निदेशक डॉ. अमिता जैन और कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के प्रमुख डॉ. भोला ने इस रैली का नेतृत्व किया। इसमें एम्स के वरिष्ठ डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ और मेडिकल छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जागरूकता रैली की शुरुआत शहर के भीड़भाड़ वाले डिग्री कॉलेज चौराहे से हुई। यह शहर के विभिन्न मुख्य मार्गों और व्यस्त चौराहों से गुजरी। प्रतिभागियों ने



सफेद एप्रन और टोपी पहन रखी थी, तथा उनके हाथों में तंबाकू के खिलाफ संदेश देती तख्तियां और बैनर थे। रैली के दौरान 'जन-जन की यही पुकार, तंबाकू मुक्त हो संसार' जैसे नारे लगाए गए। एम्स की टीम ने मुख्य चौराहों पर आम जनता से संवाद कर तंबाकू, बीड़ी, सिगरेट और गुटखा के सेवन से होने वाले कैंसर, हृदय रोग और फेफड़ों की गंभीर बीमारियों के प्रति आगाह किया। उन्होंने बताया कि यह न केवल व्यक्ति के शरीर को, बल्कि परिवारों को भी तबाह कर रहा है।

**फास्ट न्यूज**

### उन्नाव रेलवे स्टेशन पर महिला की मौत

उन्नाव। उन्नाव रेलवे स्टेशन पर शनिवार को एक महिला की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर रेलवे पुलिस और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतका की पहचान 30 वर्षीय तहसीन के रूप में हुई है, जो नियाज अहमद की पत्नी थीं और उन्नाव के मोहल्ला तालिब सराय, थाना कोतवाली सदर की निवासी थीं।

### जफर की 4 करोड़ की संपत्ति कुर्क रहेगी

बाराबंकी। बाराबंकी में मुख्तार अंसारी गैंग के सक्रिय सदस्य जफर उर्फ चंदा को बड़ा झटका लगा है। गैंगस्टर न्यायालय ने उसकी उस अपील को खारिज कर दिया है, जिसमें उसने अपराध से अर्जित लगभग 4 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्ति को जिला प्रशासन द्वारा कुर्क किए जाने के आदेश को चुनौती दी थी। अब उसकी संपत्ति कुर्क ही रहेगी।
पुलिस के अनुसार, जफर उर्फ चंदा मुख्तार अंसारी की सुरक्षा में असलहों के साथ एंबुलेंस पर चलता था। वह गैंग की आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल रहता था।

### हरदोई में बुद्ध प्रतिमा विवाद बढ़ा

हरदोई। हरदोई के बेनीगंज स्थित ग्राम सभा महुआ कोला में भगवान बुद्ध की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर हुए विवाद ने अब तूल पकड़ लिया है। इस मामले में पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के पुत्र अशोक उर्फ उत्कर्ष मौर्य के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार दोपहर जिलाधिकारी (DM) अनुनय झा को संबोधित एक ज्ञापन अतिरिक्त जिलाधिकारी (ADM) प्रफुल्ल त्रिपाठी को सौंपा।

# सीडीओ ने विद्यालयों समेत अन्य निर्माण कार्यों की समीक्षा की

## समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए

तमसा संकेत, एजेंसी

हरदोई। हरदोई में शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) ने जनपद में चल रही विभिन्न निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूरे करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान, सीडीओ ने विशेष रूप से कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय और मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय के निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि इन कार्यों को शीघ्रता और गुणवत्ता के साथ पूरा कर बेसिक शिक्षा विभाग को हस्तांतरित किया जाए, ताकि छात्रों को समय पर शैक्षणिक सुविधाएं



मिल सकें। मुख्य विकास अधिकारी ने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को नियमित निरीक्षण और सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए, ताकि निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्य पूरे हो सकें। इस समीक्षा बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजित सिंह, अधिशासी अभियंता ग्रामीण सेवा विभाग, परियोजना प्रबंधक यूपी प्रोजेक्ट कॉर्पोरेशन और परियोजना प्रबंधक उत्तर प्रदेश सहकारी संघ निर्माण निगम लिमिटेड सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# पुलिस मुठभेड़ में ट्रक लूटकांड का आरोपी गिरफ्तार

## उन्नाव में पैर में गोली लगने से घायल, अस्पताल में भर्ती

तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। उन्नाव में ट्रक लूट की घटना का खुलासा करते हुए एसओजी, सर्विलांस और अजगैन थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने शनिवार तड़के एक आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी के दाहिने पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे उपचार के लिए सीएचसी नवाबगंज भेजा गया।
पुलिस के अनुसार, 25 मई की रात आशाखेड़ा से सामान लादकर कानपुर जा रहे एक ट्रक को बदमाशों ने लूट लिया था। मामले में ट्रक मालिक राजेश कुमार गुप्ता, निवासी देवकी नगर, नौबस्ता (कानपुर नगर) ने 27 मई को अजगैन थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। तहरीर के मुताबिक, ट्रक चालक नीरज कुमार वाहन लेकर कानपुर जा रहा था। ट्रक मालिक जीपीएस के माध्यम से वाहन की लोकेशन पर नजर रखे हुए थे। रात करीब 12:30 बजे ट्रक टोल प्लाजा पार कर गया, लेकिन कुछ देर बाद



उसकी लोकेशन वापस लखनऊ की ओर जाती दिखाई दी। संदेह होने पर ट्रक मालिक स्वयं तलाश में निकले। टोल प्लाजा के पास चालक नीरज कुमार घायल अवस्था में सड़क किनारे पड़ा मिला, जबकि ट्रक गायब था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।
एसएसपी उन्नाव जय प्रकाश सिंह के निर्देश पर एसओजी, सर्विलांस और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीमों का गठन किया गया। जांच के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि नवाबगंज क्षेत्र में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के सामने गुरुद्वारा रोड पर एक संदिग्ध व्यक्ति मौजूद है।
पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस के मुताबिक, खुद को घिरता देख संदिग्ध ने फायरिंग कर दी।

**पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा .315 बोर, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया है। घायल आरोपी का उपचार सीएचसी नवाबगंज में कराया जा रहा है। पुलिस उसके अन्य साथियों की तलाश में जुटी है। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।**

# रिंग रोड निर्माण के लिए घरों पर चला बुलडोजर

## मुआवजा न मिलने का आरोप लगाकर ग्रामीणों ने किया विरोध

तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। जिले के सहजनी क्षेत्र में प्रस्तावित रिंग रोड निर्माण परियोजना को लेकर शनिवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए निर्माण कार्य में बाधा बन रहे मकानों को हटाना शुरू कर दिया। प्रशासन की इस कार्रवाई के दौरान कई मकानों पर बुलडोजर चलाया गया। वहीं, अपने आशियाने टूटते देख स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया और प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई।
स्थिति को देखते हुए मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारियों की तैनाती की गई थी। एक अन्य महिला ने भी दावा किया कि उनके बैंक खाते में अभी तक मुआवजे की राशि नहीं पहुंची है। स्थानीय लोगों के अनुसार क्षेत्र में कई ऐसे परिवार हैं जिन्हें अभी तक भुगतान नहीं मिला है। प्रभावित परिवारों का कहना है कि वे कई वर्षों से इस क्षेत्र में रह रहे हैं।
अचानक मिली नोटिस और त्वरित कार्रवाई के कारण उनके सामने आवास का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। लोगों का कहना है।



**"ग्रामीणों ने बताया कि कई परिवारों में छोटे बच्चे और बुजुर्ग सदस्य हैं। अचानक मकान टूटने के बाद उनके सामने रहने और दैनिक जरूरतों को पूरा करने की चुनौती खड़ी हो गई है। लोगों का कहना है कि खुले आसमान के नीचे जीवन यापन करना संभव नहीं है।"**

### मुआवजा न मिलने से बढ़ी नाराजगी

प्रभावित लोगों का आरोप है कि प्रशासन ने मकान खाली करने के बाद मुआवजे की धनराशि बैंक खातों में भेजने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक किसी प्रकार का भुगतान नहीं किया गया है।
ग्रामीणों का कहना है कि बिना मुआवजा दिए मकान तोड़ना उनके साथ अन्याय है। एक महिला ने बताया कि उन्होंने अधिकारियों से पहले मुआवजे का भुगतान करने और उसके बाद मकान खाली कराने की मांग की थी। उनका कहना था कि बिना आर्थिक सहायता के नए घर की व्यवस्था करना संभव नहीं है।

### मकान खाली करने के लिए पर्याप्त समय न मिलने का आरोप

कार्रवाई के दौरान प्रभावित परिवारों ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। लोगों का कहना है कि उन्हें मकान खाली करने के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया गया।
ग्रामीणों के अनुसार प्रशासनिक अधिकारी कुछ दिन पहले ही क्षेत्र में आए थे और तीन दिन के भीतर मकान खाली करने का निर्देश देकर चले गए थे। ग्रामीणों का कहना है कि इतने कम समय में नया आवास ढूंढना और परिवार को स्थानांतरित करना बेहद कठिन है। कई परिवारों के सामने अब रहने की समस्या खड़ी हो गई है।





### प्रशासन से मुआवजा भुगतान और समय देने की मांग

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि सभी पात्र लोगों के खातों में जल्द से जल्द मुआवजे की राशि भेजी जाए। इसके साथ ही उन्होंने वैकल्पिक आवास की व्यवस्था करने के लिए पर्याप्त समय देने की भी अपील की है। लोगों का कहना है कि विकास कार्यों का वे विरोध नहीं कर रहे हैं, लेकिन प्रभावित परिवारों के अधिकारों और जरूरतों का भी ध्यान रखा जाना चाहिए।

# गुरु अर्जुन देव जी का शहीद दिवस मना

## हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

तमसा संकेत, एजेंसी

बाराबंकी। बाराबंकी में सिखों के पांचवें गुरु एवं शहीदों के सरताज श्री गुरु अर्जुन देव जी महाराज के शहीदी दिवस पर पल्हरी स्थित सेवक लॉन में लंगर एवं छबील प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन सरदार करमजीत सिंह, सरदार मनदीप सिंह और सरदार दलप्रीत सिंह द्वारा किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर सिख काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के प्रधान जसबीर सिंह बग्गा ने गुरु अर्जुन देव जी के संदेश को याद किया। उन्होंने कहा कि गुरु जी ने मानवता, सेवा, त्याग, नम्रता और समानता का संदेश दिया था। बग्गा ने बताया कि गुरु जी की स्मृति में



हर वर्ष भीषण गर्मी के दौरान लोगों को राहत पहुंचाने के लिए ठंडे एवं मीठे पानी की छबील लगाई जाती है। उन्होंने गुरु जी की शहादत का जिक्र करते हुए कहा कि उन्हें लाहौर में जेठ माह की भीषण गर्मी में गर्म तवे पर बैठाकर शहीद किया गया था।

# 6 परीक्षा केंद्रों पर आज होगी बीएड प्रवेश परीक्षा

## सीतापुर में केंद्रों से 200 मीटर तक फोटोकॉपी दुकानें रहेंगी बंद

तमसा संकेत, एजेंसी

सीतापुर। सीतापुर में संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा को सकुशल, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। परीक्षा आयोजन की व्यवस्थाओं की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी आयुष चौधरी की अध्यक्षता में संबंधित अधिकारियों, केंद्र व्यवस्थापकों एवं विभागीय अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई।
बैठक में बताया गया कि जनपद में बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए कुल छह परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक संपन्न कराई जाएगी। प्रशासन की ओर से परीक्षा को व्यवस्थित



और निष्पक्ष बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।
अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि परीक्षा की शुचिता एवं गोपनीयता बनाए रखने के लिए शासन द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन कराया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी। केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षा शुरू होने से पहले सभी कक्षों का निरीक्षण कर बैठने की व्यवस्था मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

सीतापुर। सीतापुर के पिसावां थाना क्षेत्र में शनिवार को एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से हड़कंप मच गया। मृतका के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और दहेज हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर प्राप्त तहरीर के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।
जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के जहांसापुर गांव निवासी सोनिका (26) पत्नी पंकज की सुबह नशीला पदार्थ सेवन करने के बाद हालत बिगड़ गई थी। परिजन उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर पूछताछ की है। बताया जाता कि सोनिका की शादी करीब एक साल पहले हुई थी। मृतका के पिता और भाई ने आरोप लगाया है कि शादी के बाद से ही उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था।

## ट्रक चालक को घायल कर लूटे थे 77 फ्रिज, 40 एसी, 5 आरोपी गिरफ्तार

# उन्नाव पुलिस ने अंतरराज्यीय लूट गिरोह का किया पर्दाफाश

तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। उन्नाव पुलिस ने एक अंतरराज्यीय लूट गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस गिरोह ने एक ट्रक चालक को घायल कर 77 फ्रिज और 40 स्प्लिट एसी लूट लिए थे। एसओजी, सर्विलांस और अजगैन थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में मुख्य आरोपी को पुलिस मुठभेड़ के दौरान पकड़ा गया, जबकि चार अन्य आरोपियों को बिहार और कुशीनगर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने लूटा गया कंटेनर, 47 फ्रिज, 40 स्प्लिट एसी और एक अवैध तमंचा बरामद किया है। एसएसपी जयप्रकाश सिंह, एएसपी अखिलेश सिंह और एएसपी शैलेंद्र लाल ने पुलिस लाइन सभागार में इस मामले का खुलासा किया।

**पूछताछ में खुलासा हुआ कि लूटे गए 77 फ्रिज में से 44 फ्रिज कसया स्थित रोशनी इलेक्ट्रॉनिक्स को बेच दिए गए थे। पुलिस ने दुकान से 32 फ्रिज बरामद किए, जबकि 12 फ्रिज बिना बिल के आगे बेचे जा चुके थे।**



### बरामद हुआ करोड़ों का माल

पुलिस ने कार्रवाई के दौरान लूटा गया कंटेनर, 47 फ्रिज और 40 स्प्लिट एसी बरामद किए हैं। बरामद सामान गोदरेज कंपनी का बताया गया है। कुल 127 बॉक्स पुलिस ने अपने कब्जे में लिए हैं। पुलिस का कहना है कि शेष सामान की भी तलाश की जा रही है।

### मुठभेड़ में दबोचा गया मुख्य आरोपी

*पुलिस को सूचना मिली कि मुख्य आरोपी छोट्टन चौधरी नवाबगंज क्षेत्र में फिर किसी वारदात की फिराक में घूम रहा है। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के सामने गुरुद्वारा रोड पर पुलिस ने उसे घेरने का प्रयास किया तो उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी।*
*जवाबी कार्रवाई में उसके दाहिने पैर में गोली लगी और वह घायल होकर गिर पड़ा। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 315 बोर का तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद हुआ।*

### तकनीकी जांच बनी सफलता की कुंजी

*इस मामले में पुलिस की सफलता का आधार सीसीटीवी फुटेज, टोल प्लाजा की रिकॉर्डिंग और मोबाइल सर्विलांस रहा। बदमाशों ने ट्रक का नंबर बदलकर पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया, लेकिन तकनीकी जांच के जरिए पुलिस उनकी गतिविधियों तक पहुंच गई और पूरे गिरोह को बेनकाब कर दिया। घटना के खुलासे पर पहले पुलिस अधीक्षक उन्नाव ने 25 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया था। बाद में पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ रेंज ने इसे बढ़ाकर 50 हजार रुपये कर दिया। इसके बाद अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन ने पुरस्कार राशि बढ़ाकर एक लाख रुपये कर दी। यह राशि घटना का सफल अनावरण करने वाली पुलिस टीम को प्रदान की जाएगी। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों का कोई आपराधिक इतिहास अभी तक सामने नहीं आया है।*

# यूपी के 4 शहरों में आंधी-बारिश, 75 में अलर्ट

## 24 घंटे में 31 मौतें, मौसम विभाग की चेतावनी- अगले 3 घंटे में तूफान आएगा

**जानकारी**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ/वाराणसी/प्रयागराज/कानपुर। यूपी में नौतपा के बीच 2 दिन से आंधी-तूफान और बारिश से मौसम बदल गया है। शनिवार को प्रदेश के ज्यादातर शहरों में बादल छाए हैं। ठंडी हवाओं की वजह से ज्यादा गर्मी नहीं है। तापमान में 10°C तक की गिरावट रिकॉर्ड की गई है। 28 मई को बांदा का तापमान 47.5°C रिकॉर्ड किया गया था। जो अब 37°C तक पहुंच गया है। लखीमपुर-खीरी, बहराइच, सहारनपुर और मेरठ में दोपहर 3 बजे आंधी चली। फिर बारिश शुरू होने लगी। असमान में काले बादल छाने से दिन में अंधेरा छा गया। आज सभी प्रदेश के सभी 75 जिलों में बारिश का अलर्ट है। इस बीच मौसम विभाग ने पश्चिमी यूपी में अगले घंटों में आंधी-तूफान और बारिश का अलर्ट जारी किया है।

इससे पहले, गुरुवार देर रात और शुक्रवार को लखनऊ समेत पश्चिमी और पूर्वी यूपी के कई जिलों में बारिश हुई। कुछ जिलों में ओले भी गिरे। कच्चे मकानों की दीवारें गिर गईं। टिनशेड उड़ गए। सैकड़ों पेड़ गिर गए। चित्रकूट में 500 तोतों की मौत हो गई। बारिश-आंधी से हुए नुकसान पर CM योगी ने संज्ञान लिया है। अधिकारियों को फील्ड में उतरने को कहा है।

आंधी-तूफान की वजह से हुए हादसों और बिजली गिरने से प्रदेश में 31 लोगों की मौत हो गई। सबसे ज्यादा 15 मौतें बुंदेलखंड में हुईं। इनमें हमीरपुर में 6, बांदा में 3, महोबा-उरई-जालौन में 2-2 लोगों की मौत हुई।

इसके अलावा कौशांबी में 4, सहारनपुर-देवरिया में 2-2, प्रतापगढ़, अंबेडकरनगर, बलिया, महाराजगंज, मथुरा, उन्नाव, फतेहपुर और रामपुर में एक-एक की जान गई।

### अगले 5 दिन कैसा रहेगा मौसम?

- *31 मईः पश्चिमी यूपी में भारी बारिश हो सकती है। पूर्वी यूपी में कुछ इलाकों में बारिश के आसार हैं।*
- *1 जूनः पश्चिमी यूपी में कई जगह, जबकि पूर्वी यूपी में कहीं-कहीं बौछारें पड़ सकती हैं।*
- *2 जूनः पूरे प्रदेश में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश हो सकती है। गर्मी से राहत बरकरार रहेगी।*
- *3 जूनः प्रदेश में मौसम साफ रहेगा। गर्मी बढ़ेगी। पारे में उछाल देखा जाएगा।*
- *4 जूनः पूर्वी और पश्चिमी यूपी में आसमान साफ रहेगा। गर्म हवाएं चलेंगी। गर्मी फिर से तेवर दिखाएगी।*




### सहारनपुर में तेज हवा के साथ बारिश हुई, दिन में छाया अंधेरा

*सहारनपुर में मौसम सुहावना हो गया है। पहले तेज हवा चली। फिर बूंदाबांदी शुरू हो गई। बारिश होने से अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 4 जून तक मौसम में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा।*

### लखीमपुर-खीरी में तेज हवाओं के साथ बारिश, गर्मी से राहत मिली

*लखीमपुर खीरी के निघासन तहसील क्षेत्र में शनिवार दोपहर मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई, जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली।*

### लखनऊ और आसपास के इलाकों में आंधी-तूफान के साथ बारिश का अलर्ट

मौसम विभाग ने लखनऊ और आसपास के इलाकों में अगले 3 घंटों के दौरान आंधी-तूफान का अलर्ट जारी किया है। लोगों को मोबाइल पर भेजे अलर्ट में कहा गया है कि कई स्थानों पर बिजली कड़कने के साथ मध्यम दर्जे का आंधी-तूफान (हवा की गति 50-80 किमी/घंटा), मध्यम से तेज बारिश और ओलावृष्टि होने की प्रबल संभावना है। लखनऊ के मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया- बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से आ रही नम हवाओं से यूपी में मौसम बदल गया है। 28 मई से नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। इस वजह से आंधी-बारिश हो रही है। पश्चिमी यूपी और तराई क्षेत्रों में तूफान का खतरा सबसे ज्यादा है। हवा की रफ्तार 100 किमी/घंटे तक पहुंच सकती है। 2 जून तक मौसम ऐसा ही रहेगा। गर्मी से राहत मिलेगी। तापमान में 5°C तक की और गिरावट आ सकती है।



**चित्रकूट में तूफान की वजह से 500 तोतों की मौत हो गई। भारी बारिश और तेज हवा में पेड़ की टहनी टूटने से जान चली गई।**

### मेरठ में आसमान में छाए बादल, तेज आंधी-बारिश का अलर्ट

मेरठ में शनिवार दोपहर करीब 3:30 बजे अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। कुछ देर पहले तक तेज धूप खिली हुई थी, लेकिन अचानक आसमान में काले बादल छा गए और तेज हवाएं चलने लगीं। इस बीच लोगों के मोबाइल फोन पर मौसम विभाग का अलर्ट भी प्राप्त हुआ है। अलर्ट में अगले तीन घंटों के दौरान तेज आंधी और बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने और खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी है।

### बहराइच में तेज हवाओं साथ बारिश शुरू

बहराइच जिले में शनिवार दोपहर करीब तीन बजे अचानक मौसम ने करवट ले ली। तेज हवाओं के साथ शुरू हुई बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली।

मौसम में आए इस बदलाव के कारण तापमान में करीब चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। जिले का अधिकतम तापमान घटकर 34 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया।


### गोरखपुर में मौसम का मिजाज बदला, बादल छाए, ठंडी हवाएं चल रहीं

गोरखपुर में शनिवार सुबह मौसम का मिजाज सुहावना बना हुआ है। सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए हुए हैं।

बीच-बीच में हल्की धूप निकलने के कारण लोगों को गर्मी और उमस से काफी राहत मिल रही है। मौसम विभाग के अनुसार, आज दिन का अधिकतम तापमान 35 से 36 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है, जबकि न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

विभाग ने शाम तक बारिश की संभावना जताई है।

इस दौरान 25 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं भी चल सकती हैं।



**ललितपुर में देर रात जमकर बारिश हुई। ठंडी हवाओं की वजह से लोगों को गर्मी से राहत मिली।**

# प्रतियोगी छात्रों ने राष्ट्रपति और सीएम को भेजा ज्ञापन

## नीट, एसएससी जीडी, यूपीएसई समेत कई परीक्षाओं पर उठाए सवाल

तमसा संकेत, एजेंसी



प्रयागराज। प्रयागराज में प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं, पेपर लीक और भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी को लेकर छात्रों ने आवाज उठाई है। संयुक्त प्रतियोगी छात्र हुंकार मंच ने शुक्रवार को जिलाधिकारी प्रयागराज के माध्यम से राष्ट्रपति और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में NEET, SSC GD, लेखपाल और UPSI जैसी केंद्रीय व राज्य स्तरीय परीक्षाओं में लगातार अनियमितताओं का उल्लेख किया गया है। छात्रों ने आरोप लगाया है कि इन परीक्षाओं में पेपर लीक, परीक्षा केंद्रों पर अव्यवस्था और भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी जैसी समस्याएं सामने आई हैं। हुंकार मंच ने सभी विवादित मामलों की निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध जांच की मांग की है। मंच ने दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री को भेजे गए ज्ञापन में लेखपाल मुख्य परीक्षा में कथित अनियमितताओं की स्वतंत्र और उच्चस्तरीय जांच कराने की विशेष मांग की गई। छात्रों ने संदिग्ध परीक्षा केंद्रों के सीसीटीवी फुटेज और डिजिटल रिकॉर्ड सुरक्षित रखने तथा आवश्यकता पड़ने पर लेखपाल मुख्य परीक्षा को रद्द कर दोबारा आयोजित कराने की भी मांग की। इसके अतिरिक्त, मंच ने UPSI परीक्षा का विस्तृत स्कोर कार्ड जल्द जारी करने की मांग की। उनका कहना है कि इससे अभ्यर्थियों को अपनी स्थिति को पारदर्शी तरीके से समझने में मदद मिलेगी।

# जानलेवा हमले के दोषी को 5 साल की कैद

## मुकदमा दर्ज कराने वाले के खिलाफ भी कार्रवाई के आदेश

तमसा संकेत, संवाददाता




हाथरस। हाथरस में एक जानलेवा हमले के मामले में न्यायालय ने गौरव यादव को दोषी करार देते हुए पांच साल कैद और जुर्माने की सजा सुनाई है। इस मामले में दो अन्य आरोपी गागा और पृथ्वी को दोषमुक्त कर दिया गया है। अदालत ने वादी सिद्धार्थ पर जानबूझकर गलत साक्ष्य देने पर उसके खिलाफ कार्रवाई का आदेश भी दिया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार, यह घटना 9 मार्च 2024 को सुबह करीब 07:30 बजे हुई थी। बांके बिहारी धाम कॉलोनी निवासी सिद्धार्थ पुत्र अजय शिखरवार को गौरव यादव पुत्र प्रमोद यादव ने जेसीबी का किराया देने के बहाने हतीसा पुल के पास प्रकाश भोजनालय पर बुलाया था।

गौरव का साथी गागा पहले से ही वहां मौजूद था।सिद्धार्थ जब वहां पहुंचा और गौरव के बारे में पूछा, तो गौरव उसे अपनी गाड़ी में बिठाकर बाईपास से 100 मीटर दूर एक कच्चे रास्ते पर ले गया। वहां पृथ्वी यादव पुत्र हीरो यादव भी मौजूद था।

गाड़ी में बैठे गौरव यादव ने तमंचा निकालकर सिद्धार्थ की गर्दन पर जान से मारने की नीयत से गोली चला दी। गोली लगने के बाद सिद्धार्थ अपनी जान बचाने के लिए सड़क की ओर भागा। तभी पृथ्वी यादव ने भी जान से मारने की नीयत से दोबारा गोली चलाई, जिससे सिद्धार्थ बाईपास रोड पर गिर गया। तीनों आरोपी अपने हथियारों से फायरिंग करते हुए मौके से फरार हो गए।

**फास्ट न्यूज**

### किराया विवाद में मकान मालिक में मारपीट

रायबरेली। रायबरेली के जवाहर विहार कॉलोनी में मकान मालिक और किराएदार के बीच किराए को लेकर चल रहा विवाद शनिवार सुबह हिंसक झड़प में बदल गया। दोनों पक्षों में मारपीट और गाली-गलौज हुई। सूचना मिलने पर मिल एरिया थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और दोनों पक्षों को हिरासत में ले लिया। मकान मालिक सुभाषिनी मिश्रा ने आरोप लगाया है।

### कैफ ने राजदीप बनकर लॉ स्टूडेंट से रेप किया

कानपुर। कानपुर में धर्म बदलकर लॉ स्टूडेंट से रेप का मामला सामने आया है। मो. कैफ ने राजदीप सिंह बनकर युवती से दोस्ती की और झांसा देकर रेप किया। सच्चाई सामने आने पर छात्रा ने दूरी बढ़ा ली तो आरोपी उसका पीछा करने लगा। इससे परेशान छात्रा ने घर से निकलना और कॉलेज जाना छोड़ दिया।

आरोपी की हरकतों से आजिज होकर परिवार के लोगों ने शुक्रवार को कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी मो. कैफ को अरेस्ट कर लिया। आज युवक को कोर्ट में पेश करने के साथ पुलिस युवती का मेडिकल कराएगी।

### पति ने दांत से काटी पत्नी की नाक

बहराइच। बहराइच के जरवल थाना क्षेत्र में पति-पत्नी के बीच हुए विवाद के बाद पति ने अपनी पत्नी की नाक दांत से काट ली। घटना के बाद घायल महिला ने अपने मायके वालों को सूचना दी। महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति पर मामला दर्ज कर लिया है। रसूलपुर गांव में अमर बहादुर परिवार के साथ रहते हैं।

# नोएडा की स्पार्क मिंडा कंपनी में भीषण आग

## 4 किलोमीटर दूर तक दिखा काला धुआं, दमकल की 20 गाड़ियां मौके पर

तमसा संकेत, एजेंसी

नोएडा। नोएडा में सेक्टर-59 स्थित स्पार्क मिंडा कंपनी में शनिवार शाम अचानक भीषण आग लग गई। आग लगते ही फैक्ट्री परिसर और आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग से उठ रहा घना काला धुआं 4 किलोमीटर दूर तक दिखाई दे रहा। आग लगने के बाद कंपनी परिसर में मौजूद कर्मचारियों और अन्य लोगों को तत्काल सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। एहतियात के तौर पर आसपास की कंपनियों को भी सतर्क किया गया और सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की 12 गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं हैं। दमकल कर्मी लगातार आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे हैं। सेक्टर-59 में स्पार्क मिंडा कंपनी में टूल पार्टस बनाए जाते हैं। जिस समय आग लगी, उस समय कंपनी 500-600 कर्मचारियां काम कर रहे थे। शुक्रवार शाम करीब साढ़े छह बजे फायर अलार्म बजने लगा। जिसके बाद भगदड़ मच गई। तुरंत ही फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई।



# टेस्ट ड्राइव के बहाने एक्सयूवी लेकर भागा युवक

## झांसी में डीलर से बोला- कार खरीदनी है, पहले चलाकर देखेंगे और फिर लेकर भाग गया

- **कार कारोबारी की दुकान के बाहर मोबाइल चला रहा युवक ही एक्सयूवी कार की टेस्ट ड्राइव लेने आया था।**
- **कार कारोबारी दयासागर ने बताया- हमें वो युवक बातचीत से ठीक लग रहा था। फिर भी हमने अपने युवक को उसके भेजा।**

तमसा संकेत, एजेंसी







झांसी। झांसी में कार खरीदने आया एक युवक टेस्ट ड्राइव के बहाने एक्सयूवी लेकर भाग गया। दरअसल एक कारोबारी को कार बेचनी थी। शुक्रवार को एक युवक आया और कार खरीदने की इच्छा जाहिर करते हुए रेट पूछने गला। फिर डीलर से बोला कि कार खरीदनी है, पहले चलाकर देखेंगे। कारोबारी ने टेस्ट ड्राइव के लिए साढ़े चार लाख कीमत की सेकेंड हैंड कार दी। तब वह कार लेकर फरार हो गया। यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। पूरा मामला सीपरी बाजार थाना क्षेत्र का है। झांसी के सीपरी बाजार इलाके के नंदनपुरा में दयासागर साहू सेकेंड हैंड कारों कारोबार करते हैं। उनकी दुकान पर बिक्री के लिए एक XUV 500 खड़ी थी। शुक्रवार सुबह एक युवक उनके पास आया। उसने खुद को मध्य प्रदेश के दतिया का रहने वाला बताया। गाड़ी देखी और खूब पूछताछ की, कीमत पर बात की। हमने उसे साढ़े चार लाख कीमत बताई। तो फिर उसने कहा- हमें टेस्ट ड्राइव करनी है। दयासागर ने बताया कि सब कुछ सामान्य लग रहा था। इसलिए मैंने अपने बेटे रोशन साहू को युवक के साथ भेज दिया। टेस्ट ड्राइव के दौरान युवक खुद गाड़ी चला रहा था। रास्ते में उसने कहा कि गाड़ी में डीजल कम है, पहले तेल भरवा लेते हैं। दोनों बाईपास स्थित एक पेट्रोल पंप पर पहुंचे। 500 रुपये का डीजल डलवाने की बात हुई। रोशन साहू गाड़ी से उतरकर पेट्रोल पंप कर्मचारी के साथ डीजल भरवाने लगे। अभी करीब 300 रुपये का ही डीजल भरा गया था कि तभी युवक ने अचानक एक्सीलेटर दबाया और XUV लेकर निकल गया।

### शिवपुरी की तरफ भागा आरोपी

रोशन साहू ने शोर मचाया, लोगों से मदद मांगी, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। आरोपी कार लेकर शिवपुरी रोड की तरफ भाग चुका था। यह पूरा घटनाक्रम CCTV कैमरों में रिकॉर्ड हो गया। कार बाजार, पेट्रोल पंप और आसपास के कैमरों में आरोपी की तस्वीरें कैद हुई है। घटना की सूचना तत्काल डायल-112 पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी। पीड़ित का कहना है कि घटना से जुड़े कई CCTV फुटेज उनके पास मौजूद हैं, जिनमें आरोपी युवक का चेहरा साफ दिखाई दे रहा है।



### फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश जारी

पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज करा दी है और पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है। रोशन साहू का कहना है कि युवक शुरू से ही खुद को दतिया का रहने वाला बता रहा था। उसने गाड़ी खरीदने में काफी दिलचस्पी दिखाई, इसलिए किसी को शक नहीं हुआ। लेकिन टेस्ट ड्राइव के बहाने वह लाखों की XUV लेकर फरार हो गया।

## साध्वी ऋतंभरा बोलीं- अब ज्ञानवापी और कृष्ण जन्मभूमि भी मिलेगी, गोमाता का रक्त बहे, ये बर्दाश्त नहीं

# राम जन्मभूमि में दुर्गा मंदिर पर भगवा ध्वज फहराया

तमसा संकेत, एजेंसी



अयोध्या। अयोध्या के राम जन्मभूमि परिसर में शुक्रवार शाम मां दुर्गा मंदिर पर धर्म ध्वजारोहण का भव्य आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम को पूरी तरह नारी शक्ति को समर्पित रखा गया, जिसमें देशभर से आई करीब 3600 महिलाओं ने एक साथ परिसर में प्रवेश किया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच साध्वी ऋतंभरा और केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने मंदिर शिखर पर धर्म ध्वज फहराया। ध्वजारोहण के बाद पूरा परिसर जय माता दी और जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। इस दौरान साध्वी ऋतंभरा ने कहा कि अब देश की बेटियां लव जिहाद का शिकार नहीं बनेंगी और हर बच्ची को दुर्गा स्वरूप बनाने का संकल्प लेना होगा। जब तक भारत की धरती पर गोमाता का रक्त बहता रहेगा, तब तक चैन से नहीं बैठेंगे। ये बर्दाश्त नहीं। उन्होंने कहा कि रामलला मिल गए हैं, आगे ज्ञानवापी और कृष्ण जन्मभूमि भी मिलेगी, लेकिन गौ हत्या के बीच संतोष संभव नहीं है। उन्होंने करसेवकों को याद करते हुए कहा कि लाखों लोगों ने इस दिन के लिए अपने प्राण न्योछावर किए हैं। राम मंदिर आंदोलन से जुड़ी प्रमुख हस्ती साध्वी ऋतंभरा और केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने वैदिक विधि-विधान के साथ मां भगवती मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वज फहराया। इस दौरान यज्ञशाला में विशेष अनुष्ठान और आहुतियां भी दी गईं। ट्रस्ट की ओर से बताया गया कि यह दिन राम मंदिर इतिहास में महत्वपूर्ण अध्याय के रूप में दर्ज हो गया है कार्यक्रम की खास बात यह रही कि पूरी व्यवस्था और सुरक्षा की जिम्मेदारी सीआरपीएफ की महिला बटालियन ने संभाली।



### करसेवकों को याद कर हुईं भावुक ऋतंभरा

साध्वी ऋतंभरा ने इसे नारी शक्ति के लिए ऐतिहासिक दिन बताते हुए राम मंदिर आंदोलन के करसेवकों को याद किया। उन्होंने कहा कि लाखों करसेवकों ने इस दिन के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। इस दौरान वह भावुक दिखीं। उन्होंने महिलाओं से कहा- देवियों, आप चाहेंगी तभी भारत, भारत बना रहेगा। उन्होंने कहा कि 500 वर्षों के लंबे संघर्ष में पूर्वजों ने त्याग किया, माताओं ने अपने पुत्रों को राम जन्मभूमि के लिए समर्पित किया और सरयू का जल बलिदानों से लाल हुआ। उन्होंने कविता की पंक्तियों के जरिए कहा कि अवध के सीने में सदियों से चुभी कील को निकाल फेंका गया है और अब रामलला पुनः विराजमान हो गए हैं।

# उम्रकैद की सजा मिली, तो घरवालों ने छुए पैर

## झांसी में जमीन कारोबारी के गनर को मार डाला था

तमसा संकेत, एजेंसी



झांसी। झांसी में जमीन कारोबारी संजय वर्मा पर दिनदहाड़े फायरिंग और गनर की हत्या मामले में कोर्ट ने शनिवार को 8 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई। सभी दोषियों पर 1.75 लाख-1.75 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनुभव द्विवेदी (आवश्यक वस्तु अधिनियम) की कोर्ट में सजा पर सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। जेल जाते समय परिजनों ने दोषियों के पैर छुए। वहीं, महिलाएं गले लगाकर रोने लगीं।

शुक्रवार को कोर्ट ने 8 लोगों को दोषी करार देते हुए सजा पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। वहीं, सरदार सिंह गुर्जर समेत 8 आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया था। सरदार सिंह गुर्जर और संजय वर्मा के बीच वर्चस्व की लड़ाई थी। सन 2018 में संजय वर्मा पर फायरिंग हुई थी। इस दौरान उनके गनर की मौत हो गई थी। इस दुश्मनी में अब तक 3 लोगों की जान जा चुकी है। कोतवाली क्षेत्र के बड़ा बाजार स्थित मजदूरों वाली गली के रहने वाले जमीन कारोबारी संजय वर्मा पर 21 जुलाई, 2018 को कोर्ट में तारीख करके पजेरो कार से लौट रहे थे। जब वह कचहरी चौराहे के पास पहुंचे, तो बाइक सवार हमलावरों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दी थीं।

